# जे0 पी0 ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में 80वॉं स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

वियावानी स्थित जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार, जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. संजय कुमार, जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार शुक्ला, जे.पी. इंस्टीच्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य ई. पूर्णेन्दु भूषण, जे.पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार, जे.पी. आई.टी. के प्राचार्य ई. राजीव कुमार चौधरी, जे.पी. इण्टरनेशनल स्कूल के प्राचार्य श्री राजीव रंजन, जे.पी. कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य, जे.पी. कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग के प्राचार्य, जे.पी. स्नातक महाविद्यालय के प्राचार्य, जे.पी. कॉलेज के प्राचार्य, जे.पी. आई.टी.आई के प्राचार्य सहित संस्थान में कार्यरत सभी शिक्षकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति में संस्थान के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री शिवेन्द्र दिवाकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

इस अवसर पर जे.पी. ग्रुप के छात्र–छात्राओं के द्वारा परेड का शानदार प्रदर्शन किया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बी.एड., डी.एल.एड., पॉलिटेक्नीक, आई.टी.आई. एवं फार्मेसी के प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सचिव श्री शैलेश कुमार ने शुभकामना देते हुए राष्ट्र के उन वीर सपूतों, क्रान्तिकारी नेताओं तथा स्वतंत्रता सेनानियों के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की तथा कहा कि आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलना चाहिए। जे.पी. ग्रुप के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस दिवाकर ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने पूर्वजों के वलिदानों एवं त्यागों को भूलना नहीं चाहिए। उन्हीं के बलिदानों के कारण आज हम स्वतत्रता पूर्वत रह रहे है। और अंत में मंच संचालन डॉ0 अशोक कुमार प्रियदर्शी के द्वारा किया गया।

सधन्यवाद।

भवदीय



